खास-खबरें

सीहोर बॉयज ने आरएसआई को 4-0 से हराया, रोहित ने दागे दो शानदार गोल



नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन पहला मुकाबला सीहोर बॉयज विरुद्ध आरएसआई के मध्य खेला गया। दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मध्यांतर तक बराबरी का मुकाबला खेला। इसके पश्चात सीहोर बॉयज ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए शानदार जीत दर्ज की। सीहोर बॉयज की ओर से एब्यूजर ने 55 वें मिनट में लेफ्ट फुट से शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद रोहित ने 60वें मिनट में बैक फ्लाइंग के जरिए शानदार गोल किया तथा 62वें मिनट में एक और गोल दागकर टीम की बढ़त मजबूत की। वहीं 70वें मिनट में आरिफ ने गोल कर सीहोर बॉयज को 4-0 से शानदार विजय दिलाई। दूसरा मुकाबला इछावर विरुद्ध सीहोर क्लब के मध्य खेला गया। दोनों टीमों ने मध्यांतर तक बराबरी का खेल दिखाया। आज के मुकाबले में जिला फुटबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारी दीपक बाथम ने संयुक्त कबड्डी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। मध्यांतर में जिला खेल अधिकारी रूबीका दीवान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी टीमों को अपनी ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। आज सीहोर क्लब विरुद्ध सीहोर बॉयज के मध्य मुकाबला शाम 4 बजे से खेला जाएगा।

नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में भेजा जेल

नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरुंदाः नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में भैरुंदा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नर्मदापुरम से बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। पीड़िता के बयान के आधार पर प्रकरण में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गईं। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 25 अक्टूबर 2026 को फरियादी ने थाना भैरुंदा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को रिश्तेदार नबी खान बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे और एसडीओपी रौशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम दांगी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने तलाश के बाद आरोपी नबी खां (26), निवासी ग्राम चमेटी, थाना भैरुंदा को नर्मदापुरम से गिरफ्तार किया। कार्रवाई में सउनि रामकृष्ण गौर, प्रधान आरक्षक प्रकाश नर्रे, प्रधान आरक्षक मीनाक्षी दामले और महिला आरक्षक प्रीति काजले की भूमिका सराहनीय रही।

युवा उत्सव में युवाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बिखेरे रंग




नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026 का आयोजन सोमवार को रविन्द्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम में हुआ। इसमें जिले के करीब 200 युवाओं ने लोकनृत्य, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला और कविता लेखन सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिभा दिखाई। इस वर्ष प्रतियोगिताओं की थीम 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' रखी गई। समूह लोकनृत्य में सांदीपनि स्कूल बरईपुरा प्रथम और सरस्वती शिशु मंदिर तलैया द्वितीय रहा। समूह लोकगीत में शासकीय कन्या महाविद्यालय प्रथम तथा शासकीय प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज द्वितीय रहा। नुक्कड़ नाटक में साकेत शिशु रंजन की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में तनु कुशवाह प्रथम और स्नेहा चौकसे द्वितीय रहीं। कविता लेखन में रिशिका रघुवंशी प्रथम तथा उर्वशी सक्सेना द्वितीय रहीं। विजेताओं को विधायक मुकेश टंडन सहित अतिथियों ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में युवाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई और सामूहिक वंदे मातरम् गायन हुआ। प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में विदिशा का प्रतिनिधित्व करेंगे।

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समय-सीमा में करें निराकरण

रायसेन। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने सीएम हेल्पलाइन, विभागीय योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों का समय-सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसडीएम को अनुभाग स्तर पर नियमित मॉनीटरिंग करने को कहा। स्वास्थ्य विभाग को कुपोषित बच्चों के उपचार और निगरानी के लिए समन्वय से कार्य करने तथा अधिकारियों को जिला अस्पताल का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुधारने, संबल योजना के लंबित प्रकरणों का निराकरण और सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता से कराने को कहा। दीपावली पर सुरक्षित स्थानों पर पटाखा दुकानें संचालित कराने तथा प्रतिबंधित काबाइड गन की बिक्री पर रोक के लिए निरीक्षण के निर्देश दिए।

सिंहस्थ से पहले उज्जैन-मक्सी फोरलेन का सफर होगा सुगम

273 करोड़ रुपये की लागत से 38.95 किमी सड़क का निर्माण, अब तक 25 प्रतिशत काम पूरा



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ को देखते हुए उज्जैन-मक्सी मार्ग को फोरलेन में बदलने का काम तेज गति से चल रहा है। मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की इस परियोजना के तहत 38.95 किलोमीटर सड़क का निर्माण 273 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। अब तक करीब 25 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

एमपीआरडीसी के डिविजनल मैनेजर विजय सिंह के अनुसार, ग्रामीण और खुले हिस्सों में लगभग 9 किलोमीटर सड़क पर डामरीकरण पूरा कर लिया गया है। विजयगंज मंडी और पाटपाला के घने क्षेत्रों में सीमेंट कंक्रीट सड़क तैयार की गई है। अर्थवर्क के साथ बड़े पुलों और पुलियाओं का निर्माण भी जारी है।

उज्जैन शहर की सीमा में करीब 7 किलोमीटर हिस्से में नगर निगम की सीवर और पेयजल पाइपलाइन का काम चलने से निर्माण प्रभावित हुआ है। अधिकारियों के अनुसार, निगम से समन्वय कर पाइपलाइन का काम पूरा होते ही सड़क निर्माण में तेजी लाई जाएगी।

मक्सी के पास फोरलेन को आगरा-बॉम्बे राष्ट्रीय राजमार्ग और नए बाईपास से जोड़ा जा रहा है। यहां रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण भी शुरू हो चुका है। इससे दिल्ली, आगरा, मथुरा और ग्वालियर की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं को शहर के यातायात दबाव से राहत मिलेगी। परियोजना पूरी होने पर सिंहस्थ के दौरान यातायात व्यवस्था सुगम बनाने और श्रद्धालुओं की आवाजाही आसान करने में मदद मिलेगी। निर्माण कार्य को समय-सीमा में पूरा करने के लिए एमपीआरडीसी की टीम जुटी हुई है।

सिंहस्थ निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर यूडीए अध्यक्ष की सख्ती

उज्जैन। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत शहर में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का काम तेजी से जारी है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी ने सोमवार को प्रमुख निर्माण स्थलों का औचक निरीक्षण किया। खाक चौक से भर्तृहरि गुफा मार्ग पर 13 दिन पहले बनाई गई कंक्रीट सड़क की जांच के लिए उन्होंने मौके पर ही कोर-कटिंग मशीन बुलवाई।

सड़क से कंक्रीट का नमूना काटकर सील किया गया और निष्पक्ष जांच के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त एनएबीएल लैब भेज दिया गया। डॉ. सोलंकी ने कहा कि सड़क की मजबूती और गुणवत्ता का वास्तविक आकलन लैब रिपोर्ट आने के बाद होगा। मानकों में कमी मिलने पर संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के साथ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। काम में लापरवाही या घटिया सामग्री का उपयोग पाए जाने पर एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है।

इसके बाद अध्यक्ष ने पिपली नाका से भैरवगढ़ जेल मार्ग तथा ऋण मुक्तेश्वर से भर्तृहरि गुफा तक चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्देश दिए कि सभी काम निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो।

डॉ. सोलंकी ने कहा कि सिंहस्थ 2028 करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का पर्व है। इसके लिए बनाई जा रही सड़कें केवल आयोजन तक सीमित नहीं, बल्कि लंबे समय तक श्रद्धालुओं और उज्जैनवासियों के उपयोग में आएंगी। निर्माण में भ्रष्टाचार या सामग्री की गुणवत्ता में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लैब रिपोर्ट के आधार पर आगे का भुगतान और कार्रवाई तय होगी।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री कुलदीप रघुवंशी, शुभम सोनी, संबंधित प्रोजेक्ट इंजीनियर और जनसंपर्क अधिकारी प्रशांत साठे सहित अधिकारी मौजूद रहे।

टैंक सफाई में लापरवाही पर एफआईआर

इंसानी जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: महापौर

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः टैंक सफाई के दौरान हुई दुर्घटना के बाद नगर निगम प्रशासन ने सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सख्ती शुरू कर दी है। अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता और सहायक आयुक्त रविकांत मगरदे की संयुक्त टीम ने शहर की बल्क वेस्ट जनरेटर इकाइयों अपना स्वीट्स, होटल आश्रय और होटल सममारा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अपशिष्ट प्रबंधन, मशीनों के रखरखाव और सफाईकर्मियों के सुरक्षा उपकरणों में कमियां मिलीं।

महापौर मुकेश टटवाल ने निर्देश दिए कि कोई भी होटल, ढाबा या रेस्टोरेंट संचालक नगर निगम की पूर्व अनुमति और सहयोग के बिना टैंकों की सफाई नहीं करवाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य अमले को सफाई मित्रों को जागरूक करने और सुरक्षा किट के बिना किसी कर्मचारी को जोखिम भरे टैंक में उतरने से रोकने के निर्देश दिए।

नगर निगम ने स्पष्ट किया कि सीवेज और वेस्ट टैंकों की सफाई के दौरान निर्धारित एसओपी और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य है। ऑक्सीजन मास्क, हार्नेस और अन्य सुरक्षा उपकरणों के बिना कर्मचारियों को टैंक में उतारना कानूनी अपराध माना जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर एफआईआर, जुर्माना और लाइसेंस निरस्तीकरण जैसी कार्रवाई की जा सकती है।

बल्क वेस्ट जनरेटर इकाइयों की नियमित जांच की जाएगी। टैंकों की सफाई की तारीख, क्षमता और रखरखाव का चार्ट परिसर में लगाना अनिवार्य होगा। महापौर ने व्यापारियों से निगम के संसाधनों का उपयोग कर सुरक्षित तरीके से सफाई कराने की अपील की।

सुभाष निकेतन और माय स्कूल में होगा भगवान श्रीराम के आगमन का उत्सव

नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः भारतीय संस्कृति, परंपरा और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों से विद्यार्थियों को परिचित कराने के उद्देश्य से सुभाष निकेतन हायर सेकेंडरी विद्यालय एवं माय स्कूल में दीपावली के पूर्व भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन का उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। विद्यालय में पिछले लगभग 15 वर्षों से यह पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सिद्धेश्वरी मंदिर, रेस्ट हाउस गंजबासौदा से सुबह 9:30 बजे भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होगी। आकर्षक रथ पर भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी विराजमान रहेंगे।

उज्जैन में माखन भोग रेस्टोरेंट का लाइसेंस निलंबित



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः खाद्य सुरक्षा विभाग ने होटल सॉलिटेर स्थित माखन भोग रेस्टोरेंट का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सोमवार सुबह करीब 11 बजे विभागीय टीम ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रसोई में अस्वच्छ माहौल और डीप फ्रीजर में रखी एक दिन पुरानी दाल व चावल मिले। टीम ने बासी खाद्य सामग्री मौके पर ही नष्ट करवाई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंतदत्त शर्मा के अनुसार, रोटियों के साथ परोसे जा रहे मक्खन की जांच में सामने आया कि असली बटर के बजाय वेजिटेबल ऑयल से तैयार बटर फ्लेवर वाला फैट स्प्रेड इस्तेमाल किया जा रहा था। कुकिंग ऑयल और पनीर की शुद्धता की जांच के लिए इनके नमूने भी सील कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं।

निरीक्षण में सब्जी स्टोर के पास लोहे के ढक्कन के नीचे फूड वेस्ट चैंबर मिला, जिससे दुर्गंध आ रही थी। विभाग ने इसे खाद्य सामग्री के भंडारण क्षेत्र के पास गंभीर लापरवाही माना। रसोई की व्यवस्था और सफाई दुरुस्त होने तक रेस्टोरेंट का संचालन बंद रहेगा।

10 बाल मित्र ग्रामों में बाल पंचायत चुनाव संपन्न

गंजबासौदा। बच्चों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने, लोकतांत्रिक मूल्यों से परिचित कराने और बाल अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन के बाल मित्र ग्राम कार्यक्रम के तहत विकासखंड के 10 गांवों में बाल पंचायत चुनाव संपन्न हुए। चुनाव बाल मित्र ग्राम साहबा, भिलाय, स्यावदा, चौरावर, जरोदपुरा, पड़रिया, ककरावदा, करारी, कंजना और निबोदिया में आयोजित किए गए। बच्चों ने उत्साहपूर्वक मतदान कर अपने प्रतिनिधियों का चयन किया। चुनाव प्रक्रिया पारदर्शिता और निर्धारित लोकतांत्रिक नियमों के अनुसार संपन्न कराई गई। चुनाव में छह बालिकाएं और चार बालक सरपंच निर्वाचित हुए। बालिकाओं की भागीदारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में बाल नेतृत्व और समान अवसरों का सकारात्मक संदेश दिया। निर्वाचित बाल प्रतिनिधि गांवों में बच्चों से जुड़ी समस्याओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, बाल अधिकारों और विकास के मुद्दों को उठाएंगे।

बदलते वैश्विक समीकरणों में भारत की विदेश नीति की भूमिका महत्वपूर्ण



नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आईक्यूएसी के अंतर्गत 'बदलते परिदृश्य में भारत की विदेश नीति' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को समकालीन वैश्विक परिस्थितियों, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और भारत की बदलती विदेश नीति की प्राथमिकताओं से परिचित कराना था।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जेएस दुबे ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. आरके सोहोनी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि वर्तमान विश्व व्यवस्था बहुध्रुवीय स्वरूप ग्रहण कर चुकी है और वैश्विक राजनीति में अनेक शक्तिशाली देशों की भूमिका बढ़ रही है। ऐसे में भारत की विदेश नीति महत्वपूर्ण हो गई है। भारत को राष्ट्रीय हितों, सामरिक सुरक्षा, आर्थिक विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के बीच संतुलन बनाते हुए वैश्विक मंच पर प्रभावशाली भूमिका निभानी होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज शर्मा ने कहा कि विदेश नीति केवल कूटनीतिक संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक प्रगति का भी आधार है। विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों का विश्लेषण कर राष्ट्रीय और वैश्विक परिप्रेक्ष्य की समझ विकसित करनी चाहिए।

आईक्यूएसी सदस्य डॉ. सचिन शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के ज्ञान के साथ तार्किक और विश्लेषणात्मक क्षमता विकसित करते हैं।

कार्यक्रम का संचालन सोहनलाल यादव ने किया तथा आभार प्रहलाद भट्ट ने व्यक्त किया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

माय भारत केंद्र के सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ बिताया समय



नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः समाज में वृद्धजनों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता एवं सेवा भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माय भारत केंद्र सीहोर द्वारा संकल्प वृद्धाश्रम एवं पुनर्वास केंद्र में सेवा गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान युवाओं ने वृद्धजनों के साथ लगभग एक घंटे तक आत्मीय संवाद कर उनके जीवन के अनुभवों, समस्याओं एवं आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया।

कार्यक्रम में वृद्धजनों के बीच बैठकर उनसे आत्मीय बातचीत की गई। इस दौरान बुजुर्गों ने अपने जीवन से जुड़े अनुभव साझा किए। संवाद के माध्यम से जानकारी मिली कि वृद्धाश्रम में छत्तीसगढ़, कोलकाता सहित विभिन्न क्षेत्रों के वृद्धजन निवास कर रहे हैं। इनमें कई बुजुर्ग बीमारी, पारिवारिक समस्याओं एवं आर्थिक कठिनाइयों के चलते आश्रम में रह रहे हैं।

इस अवसर पर वृद्धजनों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सूची के अनुसार आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही सभी वृद्धजनों के साथ बैठकर भोजन किया गया एवं उन्हें भोजन वितरित किया गया। युवाओं ने बुजुर्गों की बातें सुनकर उन्हें अपनत्व, सम्मान और भावनात्मक सहयोग प्रदान करने का प्रयास किया।

सेवा गतिविधि का उद्देश्य वृद्धजनों के अकेलेपन को कम करना, उनकी समस्याओं को समझना तथा उनके जीवन में खुशियां और अपनापन लाना रहा। इस पहल के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं तथा उनके अनुभव और मार्गदर्शन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

कार्यक्रम के माध्यम से माय भारत केंद्र सीहोर ने बुजुर्गों के प्रति सेवा, सहयोग एवं संवेदनशीलता की भावना को निरंतर बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया।

राष्ट्र सेविका समिति ने किया शस्त्र पूजन

गंजबासौदा। राष्ट्र सेविका समिति, नगर बासौदा द्वारा सेविका एकत्रीकरण एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नगर की सेविकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजन का उद्देश्य संगठनात्मक एकता, नारी शक्ति के जागरण और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सुश्री निहारिका खोड़के, बासौदा जिला बौद्धिक प्रमुख, सिरोंज ने सेविकाओं को संबोधित किया। उन्होंने राष्ट्र सेविका समिति के उद्देश्यों और संगठन की 90 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डाला। साथ ही वर्तमान समय में राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की आवश्यकता और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने संगठन के विचारों, संस्कारों और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण की भावना को समाज में सशक्त बनाने पर जोर दिया। महिलाओं से संगठित होकर समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

स्थापना दिवस पर खेल परिसर में गूंजा वंदे मातरम्



नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः मध्य प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर सोमवार को खेल परिसर स्टेडियम में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुरुआत मध्य प्रदेश गान, सामूहिक वंदे मातरम् और राष्ट्रगान के साथ हुई। देशभक्ति के सुरों से स्टेडियम गूंज उठा। उपस्थित खिलाड़ियों और नागरिकों ने प्रदेश की एकता, गौरव और विकास के प्रति प्रतिबद्धता जताई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त विभाग एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रवि मालवीय ने कहा कि मध्य प्रदेश दिलों का प्रदेश है। यह वीरों, प्रतिभाओं और खिलाड़ियों की भूमि है। प्रदेश के खिलाड़ी मेहनत और अनुशासन के दम पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि खिलाड़ी आगे भी प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

मालवीय ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और नागरिकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। समारोह में नगर के जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, खेल प्रशिक्षक, खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

दिव्यांग बच्चों के साथ मारवाड़ी महिला मंडल ने मनाई दीपावली

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः दीपावली का पर्व खुशियां बांटने और जरूरतमंदों के जीवन में रोशनी लाने का संदेश देता है। इसी भावना के साथ अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल ने सोमवार को शहर के कोलीपुरा के समीप वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय पहुंचकर दिव्यांग बच्चों के बीच दीपावली की खुशियां साझा कीं। महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू शैलेष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने बच्चों को मिठाई, पटाखे और उपहार वितरित किए। इस दौरान बच्चों के साथ खुशियां मनाई गईं और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उनके द्वारा तैयार किए गए मिट्टी के सुंदर दीपकों की खरीदारी भी की गई।

वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चों ने आत्मनिर्भरता और रचनात्मक कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपने हाथों से मिट्टी के आकर्षक दीपक तैयार किए हैं। बच्चों ने इन दीपकों को बेहद मेहनत और लगन से बनाया, सजाया और पैक किया है। महिला



मंडल की सदस्यों ने बच्चों की इस कलात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए दीपकों की खरीदारी की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला ने कहा कि इन बच्चों ने अपनी मेहनत, लगन और कला से दीपकों को बहुत ही सुंदर रूप दिया है। प्रत्येक दीपक में उनकी मेहनत और रचनात्मकता झलकती है। समाज का दायित्व है कि वह इन बच्चों की प्रतिभा को पहचान दे और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करे। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे इन बच्चों द्वारा तैयार किए गए दीपक अपने घरों और प्रतिष्ठानों में लगाने के लिए खरीदें। नागरिकों का छोटा-सा सहयोग भी इन बच्चों के आत्मविश्वास को नई उड़ान दे सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि त्योहारों की असली खुशी तभी सार्थक होती है, जब समाज के प्रत्येक वर्ग को उसमें सहभागी बनाया जाए और जरूरतमंद बच्चों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए सभी मिलकर प्रयास करें।

वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन के संचालक अर्जुन मेवाड़ा ने बताया कि इस बार दीपावली पर विद्यालय के विशेष बच्चों द्वारा अपने हाथों से तैयार किए गए मिट्टी के दीपकों का स्टॉल लगाया जाएगा। इसके माध्यम से शहरवासी बच्चों की मेहनत और हुनर से तैयार दीपक खरीदकर उन्हें प्रोत्साहित कर सकेंगे।

M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal-462011 (M.P.)
www.mpsedc.mp.gov.in, 0755-2518300, marketing@mpsedc.com

NOTICE INVITING TENDER'S (NIT)

MPSEDC invites online proposals for following bids on MP Tender :-

S. No.	Tender No.	NIT
1.	MPSEDC/ SITC/ 2026/716	RFP for Annual Maintenance Contract for Civil, Plumbing and Sanitary Work of Common area of IT Park campus Sinhasa & Electronic Complex, Pardeshipura, Indore (M.P.)
2.	MPSEDC/ SITC/ 2026/717	RFP for Annual Maintenance Contract for Civil, Plumbing and Sanitary Work of Common area of IT Park campus & MPSEDC Buildings At Badwai, Bhopal (M.P.)

For detail scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on MP Tender Portal **www.mptenders.gov.in.**
M.P. Madhyam/128899/2026 **EXECUTIVE DIRECTOR**